# abbhyash academy

**दिनांक : 20-05-2025** STD 10 Hindi - B **कुल गुण : 80**

periodic test Hindi CBSE 10th sparsh

*** निम्नलिखित गध्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नो के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए-** **[7]**

1. जो आचरण भ्रष्ट है उसे भ्रष्टाचार कहते हैं अर्थात भ्रष्टाचार वह व्यवहार है जो घृणित और पतित है। भारत आज इस प्रकार के भयानक नैतिक संकट से गुजर रहा है। नैतिकता के हास का ही दूसरा नाम भ्रष्टाचार है। आजादी के बाद हमारे राष्ट्र ने काफी प्रगति की है परंतु जितनी पूँजी व प्रयास इस उद्देश्य से किया गया उतने अनुपात में राष्ट्र विकसित नहीं हुआ। क्यों ? भ्रष्टाचार ही इसका मूल कारण है। वर्तमान समय में भ्रष्टाचार ने जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में अपनी जड़ें जमा ली हैं। धार्मिक, आध्यात्मिक, राजनैतिक, सामाजिक, आर्थिक सरकारी तथा गैर सरकारी सभी स्थानों पर भ्रष्टाचार का बोलबाला है। कहीं भी चले जाइए बिना रिश्वत और पहुँच के आप का कोई सामान्य काम भी नहीं हो सकता। जिस ओर भी दृष्टि जाती है भ्रष्टाचार फलता-फूलता दिखाई देता है।

   जब देश में सर्वोच्च पदों पर बैठे मंत्री भ्रष्टाचार से अकूत संपत्ति अर्जित करते हैं तो बेचारा क्लर्क (बाबू) क्यों पीछे रहे? भ्रष्टाचार रूपी वृक्ष का रूप ही अनोखा है। इसकी जड़ें ऊपर की ओर तथा शाखाएँ नीचे की ओर बढ़ती हैं। इसकी विषाक्त शाखाओं पर बैठकर ही मानव-मानव का रक्त चूस रहा है।

   अब तो भ्रष्टाचार से सरकारें बनाई बचाई और गिराई जाती हैं। भारत में भ्रष्टाचार, व्यवस्था का अनिवार्य अंग बन चुका है। लेकिन नामुमकिन कुछ भी नहीं है। यदि इरादा बुलंद हो तो समाज को, देश को, किसी भी बुराई से बचाया जा सकता है।

   **1. निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।**
   **कथन (A): भ्रष्टाचार से सरकारें बनाई बचाई और गिराई जाती हैं, यह भारत का अनिवार्य अंग बन चुका है।**
   **कारण (A): यदि इरादा बुलंद हो तो समाज को, देश को, किसी भी बुराई से बचाया नहीं जा सकता है।**
   (क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।
   (ख) कथन (A) गलत है, लेकिन कारण (R) सही है।
   (ग) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।
   (घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

   **2. भ्रष्टाचार रूपी वृक्ष का रूप ही अनोखा है। इसकी जड़ें ऊपर की ओर तथा शाखाएँ नीचे की ओर बढ़ती है, इसका आशय है-**
   (क) भ्रष्टाचार कहीं नहीं है।
   (ख) भ्रष्टाचार एक वृक्ष के जैसे हरा है।
   (ग) भ्रष्टाचार शाखाओं के सहारे है।
   (घ) उच्च पदाधिकारियों में जड़ जमाकर निम्न श्रेणी तक फैला हुआ है।

   **3.भ्रष्टाचार किसे कहा जाता है?**
   (क) आचरण का भ्रष्ट होना
   (ख) नैतिक संकट से गुजरना
   (ग) व्यक्तिगत उत्कृष्टता

(घ) राजनैतिक प्रचलिति

**4. भ्रष्टाचार का सबसे बड़ा प्रभाव किस क्षेत्र पर पड़ता है और इसका समाधान क्या हो सकता है?**

**5. क्या भारत में भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई व्यक्तिगत होनी चाहिए या सामाजिक स्तर पर?**

*** निम्नलिखित गध्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नो के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए- [7]**

1. अनुशासन के अभाव में समाज में अराजकता और अशांति का साम्राज्य होता है। वन्य पशुओं में अनुशासन का कोई महत्त्व नहीं है, इसी कारण उनका जीवन असुरक्षित, आतंकित एवं अव्यवस्थित रहता है। सभ्यता और संस्कृति के विकास के साथ-साथ जीवन में अनुशासन का महत्त्व भी बढ़ता गया। आज के वैज्ञानिक युग में तो अनुशासन के बिना मनुष्य का कार्य भी नहीं चल सकता। कुछ व्यक्ति सोचते हैं कि अब मानव, सभ्य ओर शिक्षित हो गया है, उस पर किसी भी प्रकार के नियमों का बंधन नहीं होना चाहिए। वह स्वतंत्र रूप से जो भी करे, उसे करने देना चाहिए, लेकिन यदि व्यक्ति को यह अधिकार दे दिया जाए तो वन्य जीवन जेसी अव्यवस्था आ जाएगी। मानव, मानव ही हे, देवता नहीं। उसमें सुप्रवृत्तियाँ ओर कुप्रवृत्तियाँ दोनों ही होती हैं। मानव सभ्य तभी तक रहता है जब तक वह अपनी सुप्रवृत्तियों की आज्ञा के अनुसार कार्य करे। इसलिए मानव के पूर्ण विकास के लिए कुछ बंधनों ओर नियमों का होना आवश्यक है।

1. मानव कब सभ्य कहा जा सकता है?
(क) जब वह अपनी सुप्रवृत्तियों के अनुसार कार्य करे
(ख) जब वह अपनी मर्ज़ी के अनुसार कार्य करे
(ग) जब वह अपने लिए कार्य करे
(घ) जब वह अपनी सुविधा के अनुसार कार्य करे

2. अनुशासन के अभाव में समाज की क्या स्थिति होगी?
(क) समाज में शांति की स्थिति उत्पन्न हो जाएगी
(ख) समाज में जागरूकता उत्पन्न हो जाएगी
(ग) समाज में अराजकता ओर अशांति की स्थिति उत्पन्न हो जाएगी
(घ) समाज तेज़ी से उत्रति करेगा

3. मानव में निहित प्रवृत्तियाँ कौन-कौन सी हैं?
(क) लालच ओर बुराई
(ख) अधर्म और धर्म
(ग) आदर और अनादर
(घ) सुप्रवृत्तियाँ और कुप्रवृत्तियाँ

4. अनुशासन के अभाव में पशुओं का जीवन कैसा होता है?

5. कुछ लोग अनुशासन को उचित क्यों नहीं मानते?

2. **निर्देशानुसार 'पदबंध पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए- [2]**

क. <u>रोहन के चार भाई-बहन</u> विदेश में रहते हैं।

(A) क्रिया पदबंध (B) सर्वनाम पदबंध (C) विशेषण पदबंध (D) संज्ञा पदबंध

क. 'अक्सर हम या तो गुजरे हुए दिनों की खट्टी-मीठी यादों में उलझे रहते हैं या भविष्य के रंगीन सपने देखते रहते हैं।'
रेखांकित पदबंध का भेद है-

(A) संज्ञा पदबंध (B) सर्वनाम पदबंध (C) विशेषण पदबंध (D) क्रिया पदबंध

1. **निर्देशानुसार रचना के आधार पर वाक्य भेद पर आधारित के उत्तर दीजिए-** [2]

क. **निर्देशानुसार सही उत्तर चुनिए-**
निम्नलिखित वाक्यों में से संयुक्त वाक्य कौन-सा है ?

(A) शिक्षक के कक्षा में आते ही छात्र शांत हो गए । (B) जैसे ही शिक्षक कक्षा में आए, वैसे ही छात्र शांत हो गए । (C) महात्मा गांधी अहिंसावादी थे इसलिए वे किसी को दुखी नहीं देखना चाहते थे । (D) महात्मा गांधी किसी को दुखी नहीं देखना चाहते थे, क्योंकि वे अहिंसावादी थे ।

क. उसने ईश्वर से कुछ माँगने की मुद्रा में अपने हाथ ऊपर उठाए। (मिश्र वाक्य में)

1. **निर्देशानुसार समास पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए-** [2]

क. **निम्नलिखित विग्रहों के सही समस्तपद चुनिए—**
मरण तक

(A) मरने वाला (B) आमरण (C) मरा हुआ (D) अमर

क. **दिए गए प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए—**'मही को धारण करने वाला है जो शेषनाग' का समस्तपद है—

(A) महानघर (B) महीवाला (C) महीयुक्त (D) महीधर

1. **निर्देशानुसार मुहावरे पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-** [2]

क. शिक्षक के बार-बार .................. पर भी श्याम ने अपनी शैतानी बन्द नहीं की।

(A) आँखें फोड़ना (B) दबे पाँव आना (C) आड़े हाथों लेना (D) आँखें दिखाना

क. रीता की सुन्दर लिखाबट देखकर शिक्षिका ने ............... ली।

(A) तलवार खींचना (B) आँखें बिछाना (C) दाँतों तले अँगुली दबाना (D) आँखे फेरना

* **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** [5]

1. मेरे फेल होने पर मत जाओ। मेरे दरज़े में आओगे, तो दाँतों पसीना आ जाएगा, जब अलजबरा और जामेट्री के लोहे के चने चबाने पड़ेंगे और इंगलिस्तान का इतिहास पढ़ना पड़ेगा। बादशाहों के नाम याद रखना आसान नहीं। आठ-आठ हेनरी हो गुज़रे हैं। कौन-सा कांड किस हेनरी के समय में हुआ, क्या यह याद कर लेना आसान समझते हो हेनरी सातवें की जगह हेनरी आठवाँ लिखा और सब नंबर गायब। सफ़ाचट। सिफ़र भी न मिलेगा, सिफ़र भी। हो किस खयाल में। दरजनों तो जेम्स हुए हैं, दरजनों विलियम, कोड़ियों चार्ल्स। दिमाग चक्कर खाने लगता है। आंधी रोग हो जाता है। इन अभागों को नाम भी न जुड़ते थे। एक ही नाम के पीछे दोयम, सोयम, चहारूम, पंचुम लगाते चले गए। मुझसे पूछते, तो दस लाख नाम बता देता।

**(क) यह कथन किसने, किससे और कब कहा- "मेरे फेल होने पर मत जाओ। मेरे दरज़े में आओगे, तो दाँतों पसीना आ जाएगा।"**

(i) बड़े भाई ने छोटे भाई से घर पहुँचने पर कहा।

(ii) बड़े भाई ने छोटे भाई से अपने उत्तीर्ण होने पर कहा।

(iii) बड़े भाई ने छोटे भाई से पढ़ाई के प्रति गम्भीर होने के लिए कहा।

(iv) बड़े भाई ने छोटे भाई से अपने अनुत्तीर्ण होने के बाद कहा।

**(ख) 'इतिहास शब्द में' 'इक' प्रत्यय लगाकर नया शब्द बनेगा-**

(i) इतिहासैक

(ii) इतिहासिक

(iii) ऐतिहासिक

(iv) एतिहासिक

**(ग) 'लोहे के चने चबाने' का सही अर्थ क्या है?**

(i) बेकार कार्य करना

(ii) आसान कार्य करना

(iii) बहुत कठिन कार्य करना

(iv) हमेशा खाते ही रहना

**(घ) बड़े भाई ने इतिहास विषय से संबंधित किस समस्या की ओर संकेत किया है?**

(i) एक नाम के कई राजाओं का होना और किस राजा के समय में क्या हुआ, उसे याद करना

(i) एक नाम के कई राजाओं का होना और किस राजा के समय में क्या हुआ, उसे याद करना।

(ii) बहुत सारी घटनाओं का इतिहास में बार-बार वर्णन ।

(iii) बहुत ज्यादा पाठ्यक्रम होना।

(iv) एक राजा द्वारा कई युद्ध करना।

**(ङ) 'जब मेरे दरज़े में आओगे, तो दाँतों पसीना आ जाएगा।'- रचना की दृष्टि से यह किस प्रकार का वाक्य है?**

(i) सरल वाक्य

(ii) संयुक्त वाक्य

(iii) मिश्र वाक्य

(iv) प्रश्नवाचक

2. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए।** **[6]**

क. कवि किससे और क्या प्रार्थना कर रहा है?

क. ‘डायरी का एक पन्ना’ नामक पाठ के माध्यम से क्या संदेश दिया गया है?

क. **झेन की देन** पाठ में लेखक के मित्र द्वारा बताए गए मानसिक रोग के कारणों पर अपनी टिप्पणी कीजिए।

* **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए -** **[2]**

1. लेखक के दिल के टुकड़े किस बात पर हो गए थे?

(A) पतंग काटने से (B) खेल में हार जाने से (C) फेल होने से (D) भाई साहब के उपदेश सुनने से

2. प्रेम जी ने लगभग कितनी कहानियाँ लिखीं?

(A) 200 (B) 300 (C) 400 (D) लगभग 100

*** निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **[5]**

1. उसी उदार की कथा सरस्वती बखानती,
उसी उदार से धरा कृतार्थ भाव मानती।
उसी उदार की सदा सजीव कीर्ति कूजती;
तथा उसी उदार को समस्त सृष्टि पूजती।
अखंड आत्म भाव जो असीम विश्व में भरे,
वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे।।

**प्रश्न 1: 'सदा सजीव' 'समस्त सृष्टि' आदि में कौन सा अलंकार है –**
(क) अनुप्रास अलंकार
(ख) उपमा अलंकार
(ग) रूपक अलंकार
(घ) उत्प्रेक्षा अलंकार

**प्रश्न 2: 'सजीव कीर्ति कूजती' में किस अलंकार का प्रयोग किया गया है –**
(क) अनुप्रास अलंकार
(ख) उपमा अलंकार
(ग) मानवीकरण अलंकार
(घ) उत्प्रेक्षा अलंकार

**प्रश्न 3: प्रस्तुत काव्यांश में कौन सा रस है –**
(क) श्रृंगार रस
(ख) वीर रस
(ग) करुण रस
(घ) रौद्र रस

**प्रश्न 4: पद्यांश में किस मनुष्य को असली मनुष्य कहा गया है ?**
(क) जो व्यक्ति पुरे संसार को समान दृष्टि से देखता है
(ख) जो व्यक्ति अपने अंदर अखण्ड भाव और भाईचारे की भावना जगाता है
(ग) जो व्यक्ति पुरे संसार में क्रोध की भावना फैलाता है
(घ) जो व्यक्ति पुरे संसार को अखण्ड भाव और भाईचारे की भावना में बाँधता है

**प्रश्न 5: निम्नलिखित वाक्यों को ध्यानपूर्वक पढ़कर पद्यांश से मेल खाते वाक्यों को चुनिए ?**
(क) जो मनुष्य अपने पूरे जीवन में दूसरों की चिंता करता है उस महान व्यक्ति की कथा का गुण गान सरस्वती अर्थात पुस्तकों में किया जाता है
(ख) जो व्यक्ति पुरे संसार को अखण्ड भाव और भाईचारे की भावना में बाँधता है वह व्यक्ति सही मायने में मनुष्य कहलाने योग्य होता है।
(ग) मनुष्य वही कहलाता है जो दूसरों के लिए अपने आप को त्याग देता है।

(घ) पौराणिक कथाएं ऐसे व्यक्तिओं के उदाहरणों से भरी पड़ी हैं जिन्होंने अपना पूरा जीवन दूसरों के लिए त्याग दिया

2. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए।** **[4]**

क. 'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता का प्रतिपाद्य अपने शब्दों में लिखिए।

क. कंपनी बाग में रखी तोप क्या सीख देती है?

* **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए** **[2]**

1. मनुष्य को अपने चुने हुए मार्ग पर किस प्रकार चलना चाहिए?
   (A) आनंद से (B) उदास हृदय से (C) मन से (D) खुशी से
2. सीता का दामन से क्या भाव है?
   (A) देश की धरती (B) देश की नारी (C) देश की शान (D) बेरोजगारी का पल्लू

* **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए।** **[6]**

1. हरिहर काका के भाइयों द्वारा अपनी पत्नियों को क्या सीख दी गई? उनके व्यवहार में क्या बदलाव आता गया?
2. लेखक और उसके साथियों द्वारा गरमी की छुट्टियाँ बिताने का ढंग आजकल के बच्चों द्वारा बिताई जाने वाली छुट्टियों से किस तरह अलग होता था?

3. **पूरक पाठो के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नो के उत्तर लगभग 50-60 शब्दो मे लिखिए-** **[6]**

क. **सपनों के-से दिन** पाठ के आधार पर तब के स्कूली बच्चों के पहनावे तथा खेल-कूद की तुलना आज के स्कूली बच्चों से कीजिए। दोनों में से आप किसे अच्छा समझते हैं और क्यों?

क. आपके विचार से मित्रता की कौन-कौन सी कसौटियाँ हो सकती हैं? **टोपी शुक्ला** पाठ के संदर्भ में तीन बिंदु लिखिए।

1. **निम्नलिखित में से संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए -** **[5]**

I. **विपत्ति का साथी : मित्र**
   - मित्र की आवश्यकता
   - मित्र का स्वभाव
   - सन्मार्ग पर ले जाते मित्र
   - मित्र के चयन में सावधानियाँ।

1. **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए :** **[5]**

क. आपके पिता जी फैक्ट्री में दुर्घटनाग्रस्त हो गए। आप भी 15 दिन अस्पताल में रुककर उनकी देखभाल करते रहे। इस अवधि में विद्यालय न जाने के कारण आपका नाम काट दिया गया। दुबारा प्रवेश पाने के लिए विद्यालय की प्रधानाचार्या को प्रार्थना-पत्र लिखिए।

1. **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए :** **[4]**

क. ग्रीष्मावकाश में झुग्गी-झोपड़ियों के उन गरीब बच्चों को स्वैच्छिक रूप से प्रतिदिन 9 बजे से 11 बजे तक पढ़ाने के लिए कुछ छात्र इच्छुक हैं। आप विद्यालय के हेड ब्वाय हैं। इसके लिए एक सूचना आलेख तैयार कीजिए,

ताकि अधिकाधिक छात्र उत्साहित होकर इस कार्यक्रम में भाग लें।

1. **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन लिखिए :** **[3]**

क. अंतर्राष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष 2023 के प्रचार-प्रसार के लिए एक आकर्षक विज्ञापन लगभग 40 शब्दों में तैयार कीजिए ।

1. **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 80 शब्दों में एक ई-मेल लिखिए।** **[5]**

क. आपको चरित्र प्रमाण-पत्र की आवश्यकता है। चरित्र प्रमाण-पत्र प्राप्त करने के लिए अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य abcschool@gmail.com को ईमेल लिखिए।

----- -----

# abbhyash academy

**दिनांक : 20-05-2025** **STD 10 Hindi - B** **कुल गुण : 80**

**periodic test Hindi CBSE**

*** निम्नलिखित गध्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नो के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए-** **[7]**

1. दुनिया में इस समय दिन दूनी, रात चोगुनी गति से प्रगति हो रही है। कुछ समय पहले तक असंभव सी लगने वाली चीज़ें आज प्रोद्योगिकी की मदद से सरलता से परिणाम तक पहुँच रही हैं। एक समय संगणक के विकास ने प्रोद्योगिकी के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव किया था। अब कृत्रिम बोद्धिकता ने चिकिस्सा से लेकर हथियारों के निर्माण तक हर क्षेत्र में कंप्यूटर ओर रोबोट के प्रयोग को नया आयाम दिया है। पारंपरिक कंप्यूटर की दुनिया में इस प्रगति के समानांतर एक और अनुसंधान चल रहा है, जिसका नाम है 'क्रांटम कंप्यूटिंग' यानि अतिसूक्ष्मता का विज्ञान। भारत ने भी अब इस क्षेत्र में गति लाने का ऐलान कर दिया है। भोतिक-शास्त्र के क्रांटम सिद्धांत पर काम करने वाली इस कंप्यूटिंग में असीमित संभावनाएं देखी जा रही हैं। शोध के लिहाज से यह विषय किसी के लिए भी रुचि का विषय हो सकता है। विशेषरों के अनुसार एक पूर्ण विकसित क्रांटम कंप्यूटर की क्षमता सुपर कंप्यूटर से भी ज्यादा आँकी जा रही हे। इस कांटम कंप्यूटिंग या मेकेनिक्स की खास बात यह है कि इसकी शुरुआत के बाद भारतीय ओर पश्थिमी वेज्ञानिक यह मान रहे हैं कि भारतीय भाववादी सिद्धांत को जाने बिना कण में चेतना का आकलन नहीं किया जा सकता। क्रांटम भौतिकी ओर कृत्रिम बोद्धिकता एक तरह से चेतना के भाववादी सिद्धांत को ही अस्तित्व में लाने के उपाय हैं।

(क) उपर्युक्त गदयांश किस विषयवस्तु आधारित है ?
i. कृत्रिम बोद्धिकता पर
ii. दुनिया के विकास पर
iii. संगणक के प्रयोग पर
iv. मानव अस्तित्व पर

(ख) दिन दूनी, रात चोगुनी गति से प्रगति हो रही हे- पंक्ति से आशय है ?
i. बहुत ही तेजी से विकास
ii. रात दिन काम करना
iii. चारों तरफ विकास होना
iv. बहुत अधिक विकास होना

(ग) निम्नलिखित कथन ओर निष्कर्ष को ध्यान से पढ़कर दिए गए विकल्प से सही उत्तर चुनकर लिखिए -
कथन - क्रांटम कंप्यूटर की क्षमता सुपर कंप्यूटर से भी अधिक है।
निष्कर्ष - इससे विकास की गति को अधिक बल मिलेगा।
i. कथन सही हे लेकिन निष्कर्ष गलत है।
ii. कथन ओर निष्कर्ष दोनों सही हैं।
iii. कथन गलत है ओर निष्कर्ष सही है।
iv. कथन ओर निष्कर्ष दोनों गलत हैं।

(घ) जीवन को सरल बनाने में प्रोद्योगिकी की भूमिका को स्पष्ट कीजिए

(ड) अति-सूक्ष्मता का विज्ञान क्या है?

2. **निर्देशानुसार 'पदबंध पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए-** **[3]**

क. सबकी सहायता करने वाले आप आज उदास क्यों हैं - वाक्य में रेखांकित पदबंध का भेद लिखिए।

क. में खेलते-कूदते कक्षा पास कर लेता हूँ - वाक्य में पदबंध का भेद बताते हुए कारण भी स्पष्ट कीजिए।

क. क्रिया पदबंध का एक उदाहरण देकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।

1. **निर्देशानुसार रचना के आधार पर वाक्य भेद पर आधारित के उत्तर दीजिए-** **[4]**

क. 'दादा को तार देने के सिवा तुम्हें और कुछ न सूझेगा ' - वाक्य का भेद लिखिए।

क. भीड़ की अधिकता के कारण पुलिस जूलुस को रोक नहीं सकी - संयुक्त वाक्य में रूपांतरित कीजिए।

क. संयुक्त वाक्य में समुच्चयबोधक अव्यय की भूमिका स्पष्ट कीजिए।

क. गायन इतना प्रभावी था कि वह अपनी सुध-बुध खोने लगा - वाक्य का भेद बताते हुए कारण स्पष्ट कीजिए।

1. **निर्देशानुसार समास पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए-** **[3]**

क. तत्पुरुष समास में पूर्व पद और उत्तर पद की भूमिका स्पष्ट कीजिए।

क. 'यथाशक्ति' अव्ययीभाव समास है केसे?

क. 'त्रिलोकीनाथ' सामासिक पद का विग्रह करते हुए भेद लिखिए।

1. **निर्देशानुसार मुहावरे पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-** **[4]**

क. भारतीय प्रशासनिक सेवा में चयनित होने के लिए ____________ करनी पड़ती है। (उपयुक्त मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।)

क. समुद्र किनारे शाम को ततांरा रोज वामीरो की ____________ था। (उपयुक्त मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।)

क. शैलेंद्र का मुरझाया हुआ चेहरा देखकर राज कपूर ने मुस्कराते हुए कहा, "निकालो एक रुपया, पारिश्रमिक पूरा एडवांस।" पंक्ति से मुहावरा चुनकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।

क. 'काम तमाम कर देना और धूल में मिला देना मुहावरे में अंतर स्पष्ट कीजिए।

* **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **[5]**

1. मदालसा भी पकड़ी गई थी। उससे मालूम हुआ कि उसको थाने मे भी मारा गया था। सब मिलाकर 105 स्त्रियाँ पकड़ी गई थीं। बाद मे रात को नौ बजे सबको छोड़ दिया गया। कलकता में आज तक इतनी स्त्रियाँ एक साथ गिरफ्तार नहीं की गई थी। करीब आठ बजे खादी भंडार आए तो कांग्रेस ऑफिस से फोन आया कि यहाँ बहुत आदमी चोट खाकर आए हैं और कई की हालत संगीन है उनके लिए गाडी चाहिए। जानकी देवी के साथ वहाँ गए, बहुत लोगों को चोट लगी हुई थी। डॉ दास गुप्ता उनकी देख-रेख तथा फोटो उतरवा रहे थे। उस समय तक 67 आदमी वहाँ आ चुके थे। बाद में तो 103 तक आ पहुंचे।

   (क) मदालसा को थाने में भी मारा गया था- इस कथन से अंग्रेजी शासन की किस मानसिकता का पता चलता है?
   i. स्त्रियों पर हिंसा
   ii. दमनकारी नीति
   iii. बदले की भावना

iv. अंग्रेजों की क्ररता

(ख) 'सब मिलाकर 105 स्त्रियाँ पकड़ी गई थी' कथन से निष्कर्ष निकलट है कि-
i. आंदोलन में पुरुषों की संख्या कम थी।
ii. पुलिस स्त्रियों को अधिक गिरफ्तार कर रही थी।
iii. मोनुमेट पर स्त्रियाँ आगे की पंक्ति में थी।
iv. आंदोलन में स्त्रियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया था।

(ग) इस गदयांश का सूत्रधार आप किसे मानते है ?
i. पूर्णोदास
ii. मदालसा
iii. सीताराम
iv. जानकी देवी

(घ) यहाँ बहुत आदमी चोट खाकर आए हैं और कई की हालत संगीन है - पक्ति में 'संगीन' का अर्थ है-
i. गंभीर
ii. घायल
iii. मूर्च्छित
iv. नाजुक

(ङ) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यान से पढिए तथा सर्वाधिक उचित विकल्प को चुन कर लिखिए :
कथन (A) - डॉ दास गुप्ता उनकी देख-रेख तथा फोटो उतरवा रहे थे।
कारण $(R)$ वे आंदोलन के बारे में साक्ष्य एकत्रित कर रहे थे।
i. कथन (A) तथा कारण $(R)$ दोनों गलत है
ii. कथन ( $A$ ) तथा कारण $(R)$ दोनों सही है
iii. कथन $(A)$ गलत है तथा कारण $(R)$ सही है
iv. कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है

2. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए।** **[8]**

क. 'मेरे देखते तुम बेराह न चलने पाओगे' - पंक्ति से बड़े भाई के कर्तव्य और अधिकार का पता कैसे चलता है?

क. 'जीवन में पहली बार में इस तरह विचलित हुआ हूँ' - तताँरा ने ऐसा क्यों कहा होगा ?

क. शैलेंद्र ने राज कपूर की भावनाओं को शब्द दिए हैं, कैसे ?

क. सआदत अली खाँ में देशप्रेम का अभाव था, स्पष्ट कीजिए।

* **निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **[5]**

1. चलो अभीष्ट मार्ग में सहर्ष खेलते हुए
विपत्ति, विघ्न जो पड़े उन्हें ढकेलते हुए
घटे न हेल-मेल हाँ बढ़े न भिन्नता कभी
र्क एक पंथ के सतर्क पंथ हों सभी

तभी समर्थ भाव है कि तारता हुआ तरे
वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे

(क) जीवन में निर्धारित लक्ष्य कैसे प्राप्त किया जा सकता है?
i. संपर्क बढ़ाने से
ii. साधन जुटाने से
iii. सतत प्रयत्नशील रहने से
iv. लक्ष्य का ध्यान करने से

(ख) कवि को किस बात का डर है ?
i. दूरियाँ बढ़ने की
ii. प्रेम कम होने की
iii. सहयोग में कमी
iv. एकता की भावना का

(ग) निम्नलिखित कथन $(A)$ तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्प में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए। अभिकथन
(A) - कवि मनुष्य के लिए मनुष्यता का होना अनिवार्य मानता है।
कारण (R) - मनुष्यता के लिए संतोष का होना आवश्यक नहीं है।
i. कथन (A) गलत है, किंतु कारण $(R)$ सही है।
ii. कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।
iii. कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।
iv. कथन (A) सही है कितु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(घ) कवि समर्थ भाव किसे मानता है?
i. स्वार्थ भावना को सबल बनाना
ii. कार्य में सफलता प्राप्त करना
iii. कार्य के प्रति लगनशील रहना
iv. स्वयं के साथ दूसरे को भी आगे बढ़ाना

(ङ) क्क एक पंथ के सतर्क पंथ हों सभी’ - पंक्ति का भाव है -
i. तर्कहीनता
ii. भावुकता
iii. नकारात्मकता
iv. सकारात्मकता

2. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए।** **[10]**

क. प्रत्येक व्यक्ति की विशेषता उसके भीतर निहित होती हे। कबीर की साखी से उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए।

क. जीवन में सुख-दुख धूप और बादल की तरह होते हैं।

क. 'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता से कोई एक उदाहरण देकर सिद्ध कीजिए।

क. तोप जैसे लोगों का परिणाम भी तोप जेसा ही होता है, विचार व्यक्त कीजिए।

क. मनुष्य को अपने साहस और पुरुषार्थ पर भाग्य से अधिक भरोसा रखना चाहिए। 'आत्मत्राण' कविता के आधार पर सिद्ध कीजिए।

1. **पूरक पाठो के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नो के उत्तर लगभग 50-60 शब्दो मे लिखिए-** **[9]**

क. भारत एक बहुधार्मिक समाज वाला देश है। सामाजिक सद्भाव के लिए 'टोपी शुक्ला' पाठ आपको कैसे मदद करता है?

क. स्मृतियाँ सदैव सुखद होती है। 'सपनों के-से दिन’ पाठ में लेखक ने अपनी स्मृतियों को साझा किया है। आप भी इस प्रकार की कोई स्मृति साझा कर बताइए कि वह आपको क्यों अच्छी लगती है?

क. आज शहरी एवं ग्रामीण जीवन में अकेलापन एक आम समस्या हो गई है। इससे कैसे मुक्त हुआ जा सकता है। 'हरिहर काका' पाठ के संदर्भ में युक्तियुक्त उत्तर दीजिए।

1. **निम्नलिखित में से संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए -** **[5]**

I. **स्वच्छता में आम आदमी की भूमिका**
- स्वच्छता क्यों आवश्यक
- स्वच्छता का स्वास्थ्य पर प्रभाव
- हमारी भूमिका

1. **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए :** **[5]**

क. आप बी-43, आकाश विहार, दिल्ली निवासी राजन/रम्या हैं। हर साल होने वाली 'परीक्षा पर चर्चा' पर अपने विचार व्यक्त करते हुए किसी प्रतिष्ठित समाचार-पत्र के संपादक को पत्र लिखिए।

1. **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए :** **[4]**

क. आप वैशाली निवासी अमर/अवनि हैं। आप अपने क्षेत्र के निवासी कल्याण संघ' के सचिव हैं। अपने क्षेत्र में लगने वाले रक्तदान शिविर की जानकारी देते हुए एक सूचना लिखिए।

1. **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन लिखिए :** **[3]**

क. आपने खेल सामग्री की एक नई दुकान खोली है। अपनी दुकान के बारे में जानकारी देते हुए एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

1. **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 100-120 शब्दों में एक लघुकथा लिखिए।** **[5]**

क. आप शक्ति/संयम हैं। आप लालटेन गंज में रहते हैं। आपके क्षेत्र में पिछले एक महीने से बिजली की गंभीर समस्या चल रही है। इसकी जानकारी देते हुए बिजली विभाग के वरिष्ठ अधिकारी को लगभग 80 शब्दों में **ई-मेल** लिखिए।

----- -----

*** निम्नलिखित गध्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नो के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए-** **[14]**

1. साहित्य को समाज का प्रतिबिंब माना गया है अर्थात् समाज का पूर्णरूप साहित्य में प्रतिबंबित होता रहता है। अनादिकाल से साहित्य अपने इसी धर्म का पूर्ण निर्वाह करता चला आ रहा है। वह समाज के विभिन्न रूपों का चित्रण कर एक ओर तो हमारे सामने समाज का यथार्थ चित्र प्रस्तुत करता है और दूसरी ओर अपनी प्रखर मेधा और स्वस्थ कल्पना द्वारा समाज के विभिन्न पहलुओं का विवेचन करता हुआ यह भी बताता है कि मानव समाज की सुख-समृद्धि, सुरक्षा ओर विकास के लिए कौन-सा मार्ग उपादेय है? एक आलोचक के शब्दों में- “कवि वास्तव में समाज की व्यवस्था, वातावरण, धर्म-कर्म, रीति-नीति तथा सामाजिक शिष्टाचार या लोक व्यवहार से ही अपने काव्य के उपकरण चुनता है और उनका प्रतिपादन अपने आदर्शों के अनुरूप करता है।’”

साहित्यकार उसी समाज का प्रतिनिधित्व करता है, जिसमें वह जन्म लेता है। वह अपनी समस्याओं का सुलझाव, अपने आदर्श की स्थापना अपने समाज के आदर्शों के अनुरूप ही करता है। जिस सामाजिक वातावरण में उसका जन्म होता है, उसी में उसका शारीरिक, बौद्धिक और मानसिक विकास भी होता है। अत: यह कहना सर्वथा असंभव और अविवेकपूर्ण है कि साहित्यकार समाज से पूर्णतः निरपेक्ष या ‘तटस्थ रह कर साहित्य सृजन करता है। वाल्मीकि, तुलसी, सूर, भारतेंदु, प्रेमचंद आदि का साहित्य इस बात का सर्वाधिक सशक्त प्रमाण है कि साहित्यकार समाज से घनिष्ठ रूप से संबंध रखता हुआ ही साहित्य सृजन करता है। समाज की अवहेलना करने वाला साहित्य क्षणजीवी होता है।

**(1) वाल्मीकि, तुलसी, सूर के उदाहरण द्वारा लेखक चाहता है-**
(क) भाव साम्यता
(ख) प्रत्यक्ष प्रमाण
(ग) सहानुभूति
(घ) शिष्टाचार

**(2) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।**
कथन (A) : कवि अपने काव्य के उपकरणों का प्रतिपादन अपने आदर्शों के अनुरूप करता है।
कारण (R) : कवि हृदय अत्यधिक संवेदनशील होता है एवं सदैव देशहित चाहता है।
(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत है।
(ख) कथन (A) गलत है, लेकिन कारण (R) सही है।
(ग) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।
(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

**(3) साहित्यकार किसे प्रतिनिधित्व करता है?**
(क) स्वयं को
(ख) उस समाज को, जिसमें वह जन्म लेता है
(ग) केवल अपने आदर्शों को
(घ) अपनी व्यक्तित्व को

**(4) साहित्य को समाज का क्या माना गया है?**

**(5) साहित्यकार किसे प्रतिनिधित्व करता है और उसका क्या सम्बंध होता है?**

2. चाहे दुनिया कितनी भी मॉडर्न क्यों ना हो जाए, लेकिन शिक्षक का स्थान कोई रोबोट नहीं ले सकता। आज से कुछ दशक पहले यदि कोई हमसे यह प्रश्न करता कि क्या रोबोट्स अच्छे अध्यापक साबित होंगे तो निश्चित रूप से हमें प्रश्न करने वाले की बुद्धि पर तरस आता, लेकिन आज के इस वैज्ञानिक युग में यह प्रश्न हमें कुछ सोचने को बाध्य करता है। मेरी दृष्टि से इसका उत्तर होगा नहीं, ऐसा इसलिए कि शिक्षण का काम सिर्फ़ शारीरिक ही नहीं, बल्कि मानसिक भी है और साथ-साथ मनोवैज्ञानिक भी।

   रोबोट एक मशीन है, जो मनुष्य के सकेंत व निर्देश का अनुपालन करने में समर्थ है, उसमें भावनाओं का आरोह व अवरोह संभव नहीं है। जबकि एक शिक्षक में भावनाओं का होना आवश्यक ही नहीं, अनिवार्य भी है। आज से नहीं, अपितु पुरातन काल से ही हमारे देश में गुरु-शिष्य की लंबी परंपरा रही है। क्या रोबोट के साथ यह परंपरा कायम रहेगी? गुरु और शिष्य के स्नेह में श्रद्धा व आदर का भाव होता है, लेकिन मशीनी मानव के प्रति शिष्य के हृदय में आदर और श्रद्धा के भाव नहीं पनप सकते, तब यह रोबोट द्वारा अध्यापन किए जाने पर अपने आपको संतुष्ट नहीं कर सकता ।

   एक सरल अध्यापन के दौरान मनोवैज्ञानिक पद्धति का सहारा लेना होता है, लेकिन क्या रोबोट द्वारा अध्यापन में मनोवैज्ञानिक पद्धति का सहारा लेना संभव है? कक्षा के वातावरण व छात्रों के मूड के अनुरूप शिक्षक अपनी पूर्व-निर्धारित अध्यापन पद्धति में बदलाव करते हैं। क्या रोबोट ऐसा कर सकता है?

**1. आज से कुछ दशक पहले रोबोट्स के बारे में क्या धारणा थी?**

(क) वे अच्छे अध्यापक साबित होंगे।
(ख) वे अच्छे सैनिक सिद्ध होंगे।
(ग) वे अच्छे सेवक सिद्ध होंगे।
(घ) वे अच्छे वैज्ञानिक सिद्ध होंगे।

**2. शिक्षण किस प्रकार का कार्य है?**

(क) शारीरिक
(ख) मानसिक
(ग) मनोवैज्ञानिक
(घ) ये सभी

**3. पुरातन काल से ही हमारे देश में कौन-सी परंपरा रही है?**

(क) मशीन-छात्र
(ख) रोबोट-शिक्षक
(ग) गुरु-शिष्य
(घ) मनुष्य-शिक्षक

**4. शिक्षक और रोबोट में क्या मुख्य अंतर होता है?**

**5. शिक्षक के प्रति शिक्षार्थियों का क्या भाव होता है जो रोबोट के साथ अध्यापन में अनुभव नहीं हो सकता?**

3. **निर्देशानुसार 'पदबंध पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए-** **[2]**

क. <u>सड़क के किनारे बैठा हुआ</u> व्यक्ति अँधा है।

(A) क्रिया पदबंध (B) सर्वनाम पदबंध (C) विशेषण पदबंध (D) संज्ञा पदबंध

क. <u>आसमान में उड़ता गुब्बारा</u> फट गया।

(A) विशेषण पदबंध (B) क्रिया पदबंध (C) संज्ञा पदबंध (D) सर्वनाम पदबंध

1. **निर्देशानुसार रचना के आधार पर वाक्य भेद पर आधारित के उत्तर दीजिए-** **[2]**

क. **निम्नलिखित प्रश्न का सही उत्तर दिए गए विकल्पों से चुनिए-**
'सरल वाक्य' का उदाहरण है-

(A) धर्मतल्ले के मोड़ पर आकर जुलूस टूट गया । (B) शैलेंद्र तो फिल्म निर्माता बनने के लिए सर्वथा अयोग्य थे । (C) दरिया पर जाओ तो कलाम किया करो। (D) उनकी व्यावहारिक सूझ-बूझ ही आगे लगती है।

क. **निम्नलिखित वाक्यों के साधारण वाक्य में सही रूपांतरण को चुनिए-**
भारतीय सैनिक ऐसे हैं कि कोई उनकी बराबरी नहीं कर सकता ।

(A) कोई भी ऐसा नहीं है, जो भारतीय सैनिकों की बराबरी कर सके । (B) भारतीय सैनिकों की बराबरी कोई नहीं कर सकता। (C) जो भारतीय सैनिक हैं, उनकी बराबरी कोई नहीं कर सकता। (D) ये भारतीय सैनिक हैं और इनकी बराबरी कोई नहीं कर सकता ।

1. **निर्देशानुसार समास पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए-** **[2]**

क. **निम्नलिखित समस्तपदों में प्रयुक्त समास का सही नाम चुनिए—**हथकड़ी

(A) अव्ययीभाव (B) द्विगु (C) तत्पुरुष (D) द्वंद्व

क. **निम्नलिखित समस्तपदों में प्रयुक्त समास का सही नाम चुनिए—**'आमरण' समस्त पद कौन–से समास का उदाहरण है?

(A) कर्मधारय (B) तत्पुरुष (C) अव्ययीभाव (D) बहुव्रीहि

1. **निर्देशानुसार मुहावरे पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-** **[2]**

क. पढ़ाई में मेहनत कर मैं .......... हो सकता हूँ। रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए। ह।

(A) खून का घूँट (B) एक पंथ दो काज (C) पैरों पर खड़ा होना (D) अपना हाथ जगन्नाथ

क. सैनिकों ने दुश्मन को .................. ।

(A) आड़े हाथों लेना (B) राह दिखाना (C) नीचा दिखाना (D) नाकों चने चबाना।

*** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **[5]**

1. और जामेट्री तो बस, खुदा ही पनाह। अब ज की जगह अ ज ब लिख दिया और सारे नंबर कट गए। कोई इन निर्दयी मुमतहिनों से नहीं पूछता कि आखिर अ ब ज और अ जब में क्या फ़र्क है, और व्यर्थ की बात के लिए

क्यों छात्रों का खून करते हो। दाल-भात-रोटी खाई या भात-दाल-रोटी खाई, इसमें क्या रखा है, मगर इन परीक्षकों को क्या परवाह। वह तो वही देखते हैं जो पुस्तक में लिखा है। चाहते हैं कि लड़के अक्षर-अक्षर रट डालें। और इसी रटंत का नाम शिक्षा रख छोड़ा है। और आखिर इन बे-सिर-पैर की बातों के पढ़ने से फायदा? इस रेखा पर वह लंब गिरा दो, तो आधार लंब से दुगुना होगा। पूछिए, इससे प्रयोजन? दुगुना नहीं, चौगुना हो जाए, या आधा ही रहे, मेरी बला से, लेकिन परीक्षा में पास होना है, तो यह सब खुराफात याद करनी पड़ेगी।

**(क) इस गद्यांश के लेखक और पाठ का नाम है-**

(i) प्रेमचंद, छोटा भाई

(ii) प्रेमचंद, बड़े भाई साहब

(iii) प्रेमचंद, शिक्षा: एक समस्या

(iv) शरतचंद, बड़े भाई साहब

**(ख) इस गद्यांश के आधार पर शिक्षा की कौन-सी विशेषता की ओर इशारा किया है**

(i) रटने का नाम ही शिक्षा है।

(ii) विषय की विविधता है।

(iii) परीक्षकों को इससे कोई लेना-देना नहीं कि विद्यार्थी कमज़ोर भी हो सकता है।

(iv) व्यर्थ की बातों पर ध्यान दिया जाता है।

**(ग) 'व्यर्च की बात के लिए क्यों छात्रों का खून करते हो' पंक्ति का आशय क्या है**

(1) शिक्षा पद्धति में बेकार की बातों पर अंक काटकर छात्रों को परेशान किया जाता है।

(ii) विविध विषयों में उत्तीर्ण होना छात्रों के लिए अनिवार्य है।

(iii) प्रश्न-पत्र में व्यर्थ के प्रश्न पूछे जाते हैं।

(iv) असंगत विषयों को पाठ्यक्रम में लिया जाता है।

**(घ) गद्यांश के अनुसार परीक्षक क्या चाहते हैं**

(i) लड़के प्रतिदिन विद्यालय जाएँ।

(ii) लड़के पुस्तकें खरीदें।

(iii) लड़के अक्षर-अक्षर रट डालें।

(iv) लड़के हमेशा सच बोलें।

**(ङ) 'आखिर इन बे-सिर-पैर की बातों के पढ़ने से फ़ायदा?' कथन का आशय क्या है** (i) शिक्षा में बेतुकी बातों पर ज्यादा ध्यान दिया जाता है।

(ii) शिक्षा में दिए गए सिद्धांतों को समझना विद्यार्थी अपना कर्तव्य नहीं समझते।

(iii) विद्यार्थी शिक्षा प्रणाली में दोष निकालना अपना एकमात्र कर्तव्य समझते हैं।

(iv) विद्यार्थी अपने अनुत्तीर्ण होने का सारा दोष शिक्षा पर मढ़ देते हैं।

2. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए।** **[6]**

क. ‘आत्मत्राण’ कविता में निहित संदेश स्पष्ट कीजिए।

क. भाई साहब भले ही फेल होकर एक कक्षा में दो-तीन साल लगाते थे पर उनकी सहज बुधि बड़ी तेज़ थी। स्पष्ट कीजिए।

क. 26 जनवरी, 1937 को कोलकाता के स्तों पर उत्साह और नवीनता देखते ही बनती थी। इसके कारणों एवं नएपन का वर्णन कीजिए।

*** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए -** **[3]**

1. भाई साहब किस मामले में बंद नहीं थे?

(A) खेल कूद में (B) लड़ने में (C) शिक्षा के मामले में (D) निर्णय के बारे में

2. प्रेम जी का शव भंडार क्यों हो गया?

(A) सामान्य आर्थिक समस्या का सामना करने के कारण (B) पानी के कारण (C) आर्थिक तंगी के कारण (D) सभी

3. लड़कियाँ झण्डोत्सव कहाँ मनाती हैं?

(A) मारवाडी गुड़िया विद्यालय (B) जानकी देवी विद्यालय (C) अहिल्या देवी विद्यालय (D) इनसे कोई नहीं

*** निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **[5]**

1. अनंत अंतरिक्ष में अनंत देव हैं खड़े,
समक्ष ही स्वबाहु जो बढ़ा रहे बड़े-बड़े ।
परस्परावलंब से उठो तथा बढ़ो सभी,
अभी अमर्त्य-अंक में अपंक हो चढ़ो सभी ।
रहो न यों कि एक से न काम और का सरे,
वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे ।।

**(क) देवतागण परोपकारी व्यक्ति का स्वागत कैसे करते हैं?**
(i) ताली बजाकर
(ii) पूजा करके
(iii) तिलक लगाकर
(iv) हाथ बढ़ाकर

**(ख) 'परस्परावलंब से उठो तथा बढ़ो सभी' का आशय क्या है?**
(i) अकेले आगे बढ़ने का प्रयास करना।
(ii) एक-दूसरे के सहारे आगे न बढ़ना।
(iii) आगे बढ़ने के लिए परस्पर सहयोग की भावना।
(iv) सभी उत्तर सही हैं।

**(ग) कवि 'अपंक हो चढ़ो सभी' द्वारा क्या कहना चाहता है?**
(i) मरणशील संसार की गोद में चुपचाप जाओ।
(ii) जीवन में कलंकरहित होकर आगे बढ़ो।
(iii) केवल अपने जाने की बात करो।
(iv) हमेशा इस सोच से परेशान नहीं होना चाहिए कि संसार मरणशील है।

**(घ) 'परस्परावलंब' का अर्थ है-**

(i) एक-दूसरे का सहारा होना

(ii) एक-दूसरे का सहारा न होना

(iii) अपने सहारे पर होना

(iv) इनमें से कोई भी नहीं

**(ङ) किस वाक्य में सामाजिक एकता और सहयोग का संदेश है?**

(i) "अनंत अंतरिक्ष में अनंत देव हैं खड़े,"

(ii) "समक्ष ही स्वबाहु जो बढ़ा रहे बड़े-बड़े,"

(iii) "परस्परावलंब से उठो तथा बढ़ो सभी,"

(iv) "रहो न यों कि एक से न काम और का सरे,"

2. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए।** **[4]**

क. 'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता का प्रतिपाद्य अपने शब्दों में लिखिए।

क. 'फ़िल्म का समाज पर प्रभाव' विषय पर कक्षा में परिचर्चा आयोजित कीजिए।

* **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए** **[2]**

1. मीरा श्री कृष्ण को पाने के लिए क्या तैयार है?

(A) बाग़ आर्केड संग्रहालय को (B) आलीशान महल संग्रहालय को (C) दासी बनने को (D) सभी

2. आकांक्षाओं को प्राप्त करना किसकी आवश्यकता है?

(A) शांत मन और चित्त की एकाग्रता की (B) एकाग्रता की (C) शांति की (D) ईश्वर की

* **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए।** **[6]**

1. हरिहर काका ने अपना गुस्सा घर की औरतों पर किस तरह उतारा? उनकी इस प्रतिक्रिया को आप कितना उचित समझते हैं?
2. टोपी शुक्ला पाठ के आधार पर बताइए कि टोपी को किन-किन से अपनापन मिला? क्या आज के समय में भी ऐसा अपनेपन की प्राप्ति संभव है?

3. **निम्नलिखित में से संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए -** **[5]**

I. **दिनोंदिन बढ़ती महँगाई**

- महँगाई और आम आदमी पर प्रभाव
- कारण
- महँगाई रोकने के उपाय
- सरकार के कर्तव्य।

1. **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए :** **[5]**

क. आपकी एस०ए० 1 की परीक्षाएँ अगले महीने से हैं, परंतु अंग्रेज़ी और गणित का पाठ्यक्रम पूरा नहीं हो पाया है। पाठ्यक्रम पूरा न होने के कारणों का उल्लेख करते हुए अंग्रेज़ी और गणित विषयों की अतिरिक्त कक्षाएँ

आयोजित करवाने हेतु अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को प्रार्थना-पत्र लिखिए।

1. **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए :** **[4]**

क. आपके विद्यालय में परीक्षाएं शुरू होने वाली हैं। इससे विद्यालय के समय में परिवर्तन किया जा रहा है। विद्यालय के हेड ब्वाय/हेड गर्ल की तरफ से एक सूचना आलेख तैयार कीजिए।

1. **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन लिखिए :** **[3]**

क. प्रकाश एल०ई०डी० बनाने वाली कंपनी बिक्री बढ़ाना चाहती है। उसके लिए विज्ञापन तैयार कीजिए।

1. **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 80 शब्दों में एक ई-मेल लिखिए।** **[5]**

क. राज्य के परिवहन सचिव transport@delhi.gov.in को एक ईमेल लिखिए, जिसमें आपकी बस्ती तक नया बस मार्ग आरंभ कराने का अनुरोध हो।

1. **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 100-120 शब्दों में एक लघुकथा लिखिए।** **[5]**

क. प्रस्थान बिंदु-
रामू नाम का एक युवक सेठ लक्ष्मीकांत के यहाँ काम करता है। कठिन परिश्रम के बाद भी उसे भरपेट भोजन नसीब नहीं होता है। आर्थिक तंगी से परेशान रामू एक दिन दुकान पर अकेला बैठा रहता है। एक आदमी आकर उसे दो सौ रुपए देता है। रामू वह पैसा दुकान में जमा करने की बजाय अपने पास रख लेता है, परंतु ग्लानि के कारण वह रातभर सो नहीं पाता। सुबह उठते ही रामू दुकान जाकर चुपचाप वे रुपए दुकान में जमा कर देता है। उसकी अंतरात्मा पर पड़ा हुआ बोझ आखिरकार उतर जाता है।

----- -----

# abbhyash academy

**दिनांक : 20-05-2025** STD 10 Hindi - B **कुल गुण : 80**

**periodic test Hindi CBSE**

*** निम्नलिखित गध्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नो के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए-** **[7]**

1. जिस मनुष्य ने अपने भावों को व्यापक बना लिया हो, जिसने विश्व की आत्मा से समन्वय स्थापित कर लिया हो, वही महान साहित्यकार हो सकता है। जिसकी आत्मा विशाल हो जाती हे वह हँसने वालों के साथ हँसता है, रुदन करने वालों के साथ रुदन करता है; ऐसा साहित्य एक देश का होने पर भी सार्वभोम होता है। रामायण और महाभारत देशकाल से बँधे हुए नहीं, इसलिए वे अमर-काव्य हैं। मनुष्य जीवन संघर्ष में अपना देवत्व खो देता है, साहित्य उसे पुन: देवत्व प्रदान करता है। साहित्य उपदेशों से नहीं, बल्कि हमारी भावनाओं को प्रेरित करके हममें ऊँची भावनाएँ जगाता हे। साहित्य आदर्शों को स्थापित करके मनुष्य के जीवन का उन्नयन करता है। उसमें नेतिक मूल्यों का संचार करता हे। सर्वसामान्य के प्रति प्रेम-भाव उत्पन्न करता है। भ्रष्टाचारियों और अनाचारियों के प्रति रोष जगाकर समाज को स्वच्छ बनाता है।

   1. कोन सा काव्य अमर हो जाता है?
   (क) जो काव्य मनुष्य के जीवन का उत्रयन करता है
   (ख) जो काव्य देशकाल से बँधा नहीं होता
   (ग) जो काव्य हममें ऊँची भावनाएँ जगाता है
   (घ) जो काव्य समाज को स्वच्छ बनाता है

   2. मनुष्य को पुनः देवत्व कोन प्रदान करता है?
   (क) साहित्यकार
   (ख) काव्य
   (ग) साहित्य
   (घ) प्रेम-भाव

   3. साहित्यकार महान कैसे हो सकता है?
   (क) आत्मा को विशाल बनाकर
   (ख) अपने भावों को व्यापक बनाकर
   (ग) आदर्शों को स्थापित करके
   (घ) समाज को स्वच्छ बनाकर

   4. लेखक ने रामायण व महाभारत को कैसा काव्य बताया और क्यों?

   5. मानव जीवन में साहित्य का क्या महत्व है?

2. **निर्देशानुसार 'पदबंध पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए-** **[3]**

क. क्षितीश चटर्जी का फटा हुआ सिर देखकर आँख मिंच जाती थी। **विशेषण पदबंध** की पहचान कीजिए।

क. तताँरा को देखते ही वह ज़ोर से फूट- फूटकर रोने लगी। रेखांकित पदबंध का नाम लिखिए।

क. उतनी मेहनत से मुझे तो चक्कर आ जाता था। इस वाक्य में **क्रिया पदबंध** कोन सा है?

1. **निर्देशानुसार रचना के आधार पर वाक्य भेद पर आधारित के उत्तर दीजिए-** **[3]**

क. में सफल हुआ ओर कक्षा में प्रथम स्थान पर आया। **(सरल वाक्य)**

क. एक बार बिल्ली ने उचककर दो में से एक अण्डा तोड़ दिया। **(मिश्र वाक्य)**

क. वह छह मंजिली इमारत की छत थी जिस पर एक पर्णकुटी बनी थी। **(सरल वाक्य)**

1. **निर्देशानुसार समास पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए-** **[3]**

क. पुस्तकालय (विग्रह कीजिए)

क. अमीर और गरीब (समस्त पद लिखिए)

क. कमल के समान चरण (समस्त पद लिखिए)

1. **निर्देशानुसार मुहावरे पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-** **[2]**

क. आँखें दिखाना

क. सपनों के महल बनाना

* **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **[5]**

1. अब भाई साहब बहुत कुछ नरम पड़ गए थे। कई बार मुझे डाँटने का अवसर पाकर भी उन्होंने धीरज से काम लिया। शायद वह खुद समझने लगे थे कि मुझे डाँटने का अधिकार उन्हें नहीं रहा, या रहा भी, तो बहुत कम। मेरी स्वच्छंदता भी बढ़ी। में उनकी सहिष्णुता का अनुचित लाभ उठाने लगा। मुझे कुछ ऐसी धारणा हुई कि में पास ही हो जाऊँगा, पढ़ूँ या न पढ़ूँ, मेरी तकदीर बलवान हे, इसलिए भाई साहब के डर से जो थोड़ा-बहुत पढ़ लिया करता था, वह भी बंद हुआ। मुझे कनकोए उड़ाने का नया शोक पैदा हो गया था ओर सारा समय पतंगबाजी की ही भेंट होता था, फिर भी में भाई साहब का अदब करता था ओर उनकी नज़र बचाकर कनकोए उड़ाता था। माँझा देना, कनने बाँधना, पतंग टूर्नामेंट की तैयारियाँ आदि समस्याएँ सब गुप्त रूप से हल की जाती थीं। में भाई साहब को यह संदेह न करने देना चाहता था कि उनका सम्मान और लिहाज मेरी नज़रों में कम हो गया है।

(i) **अब मुझे डाँटने का अधिकार उन्हें नहीं रहा** इस पंक्ति में किसे डाँटने का अधिकार नहीं रहा?
(क) छोटे भाई को
(ख) दादा को
(ग) अध्यापक को
(घ) बड़े भाई साहब को

(ii) बड़े भाई साहब के व्यवहार में लेखक को नरमी दिखाई देने का क्या कारण था?
(क) उनका अच्छे अंकों से उत्तीर्ण
(ख) उनका परीक्षा में फेल होना होना
(ग) छोटे भाई द्वारा उनसे बात करना
(घ) उन्हें लगना कि वे जरूरत से बंद कर देना ज्यादा डाँटते हैं

(iii) लेखक अपना सारा समय किस कार्य में व्यतीत करने लगा?
(क) बड़े भाई की डाँट खाने में

(ख) क्रिकेट खेलने में
(ग) पतंगबाजी करने का
(घ) पढ़ने में

(iv) बड़े भाई के डर से लेखक कोन-सा कार्य करने लगा था?
(क) ओर अधिक खेलता था
(ख) नवीन योजना बनाता था
(ग) थोड़ा बहुत पढ़ता था
(घ) मित्रों से नहीं मिलता था

(v) लेखक बड़े भाई साहब को किस बात का संदेह नहीं होने देना चाहता है?
(क) उनकी शिकायत दादा से कर
(ख) अनुभव के कारण उनकी बात दी को जानने का
(ग) उनकी पढ़ाई की पुस्तकें उसने
(घ) उनका सम्मान लेखक की नज़रों फाड़ दी हैं में कम हो गया है

2. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए।** **[8]**

क. जुलूस और प्रदर्शन को रोकने के लिए पुलिस का क्या प्रबंध था? 'डायरी का एक पन्ना' पाठ के आधार पर लिखिए।

क. गांधीजी आदर्श एवं व्यावहारिकता का समन्वय किस प्रकार करते थे?**गिन्नी का सोना** पाठ के आधार पर लिखिए।

क. वज़ीर अली के मन में अंग्रेज़ो के प्रति नफ़रत क्यों थी? कारतूस पाठ के आधार पर बताइए।

क. **तीसरी कसम** में राजकपूर ओर वहीदा रहमान का अभिनय लाजवाब था। स्पष्ट कीजिए।

*** निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **[5]**

1. चलो अभीष्ट मार्ग में सहर्ष खेलते हुए,
विपत्ति, विघ्न जो पड़ें उन्हें ढकेलते हुए।
घटे न हेलमेल हाँ, बढ़े न भिन्नता कभी,
अतर्क एक पंथ के सतर्क पंथ हों सभी।
तभी समर्थ भाव हे कि तारता हुआ तरे,
वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे।।

(i) अभीष्ट-मार्ग से क्या तात्पर्य है?
(क) परंपरागत मार्ग
(ख) दूसरों द्वारा बताया गया मार्ग
(ग) योग्यता के अनुसार मार्ग
(घ) इचित मार्ग

(ii) विघ्न-बाधाएँ आने पर क्या करना चाहिए?
(क) डर जाना चाहिए
(ख) डटकर मुकाबला करना चाहिए
(ग) पीछे हंट जाना चाहिए

(घ) सहर्ष मार्ग बदल लेना चाहिए

(iii) समर्थ भाव क्या है?
(क) दूसरों की निंदा कर स्वयं की प्रशंसा करना
(ख) दूसरों को हराकर जीत प्राप्त करना
(ग) दूसरों को सफलता दिलाकर स्वयं सफलता प्राप्त करना
(घ) दूसरों को धमकाकर समथ बनना

(iv) कवि परस्पर मेल-जोल बढ़ाने का परामर्श क्यों दे रहा है?
(क) एक ही स्थान पर रहने के लिए
(ख) प्रेम से रहने के लिए
(ग) सभी विकल्प सही हैं
(घ) भेद-भाव न बढ़ने देने के लिए

(v) 'तारता हुआ तरे - पंक्ति का क्या आशय है ?
(क) स्वयं तेरते हुए दूसरे को तेराना
(ख) दूसरों की उन्नति में सहायक होते हुए अपनी उन्नति करना
(ग) विपत्ति में घबराना
(घ) दूसरों की अवनति करते हुए स्वयं की उन्नति करना

2. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए।** **[8]**

क. मीरा श्रीकृष्ण को पाने के लिए क्या-क्या कार्य करने को तैयार हैं?

क. पल-पल परिवर्तित प्रकृति-वेश के माध्यम से कवि क्या कहना चाहता है? **पर्वत प्रदेश में पावस** कविता के आधार पर बताइए।

क. **वाँध लो अपने सर से कफ़न साथियो** - पंक्ति में कोन, किसे संबोधित कर रहा है और वह देशवासियों से क्या अपेक्षा रखता है?

क. जीवन में हानि होने पर कवि केसी विचारधारा का आकांक्षी है? **आत्मत्राण** कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

1. **पूरक पाठो के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नो के उत्तर लगभग 50-60 शब्दो मे लिखिए-** **[9]**

क. उन घटनाओं का उत्तेख कीजिए जिनके आधार पर हरिहर काका को अपने भाई और महंत एक ही श्रेणी के लगते थे।

क. **सपनों के से दिन** पाठ के आधार पर बताइए कि ओमा कोन था? उसकी क्या विशेषता थी?

क. **टोपी शुक्ला** पाठ के आधार पर पुष्टि कीजिए कि टोपी और इफ़्फ़ुन के संबंध धर्म से नहीं, मानवीय संबंधों से निर्धारित थे।

1. **निम्नलिखित में से संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए -** **[5]**

I. **पार्क में खेलते बच्चे** विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर अनुच्छेद लिखिए।
संकेत बिंदु -
- पार्क की शोभा,
- बच्चों द्वारा खेले जाने वाले खेलों का प्रारूप,

- बच्चों का उत्साह,
- उमंग और प्रसत्नता,
- उपस्थित लोगों की प्रतिक्रिया

1. **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए :** **[5]**

क. आप साक्षी/अजय हैं। आपके मोहल्ले के कूड़ेदान में गंदगी का ढेर लगा है ओर कई-कई दिन तक कूड़ा नहीं उठाया जा रहा है। इस संबंध में नगर-निगम अधिकारी को लगभग 100 शब्दों में एक शिकायती पत्र लिखिए।

1. **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए :** **[4]**

क. विद्यालय में आयोजित होने वाली **सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता** के लिए सांस्कृतिक सचिव की ओर से 40 - 50 शब्दों में सुचना तेयार कीजिए।

1. **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन लिखिए :** **[3]**

क. नाखूनों की सुदरंता बढ़ाने के लिए नेलपॉलिश का विज्ञापन लगभग 25-50 शब्दों में बनाइए।

अथवा

*

आपके नगर में मिठाई की एक नई दुकान खुती है। इसके प्रचार के लिए एक विज्ञापन लगभग 25-50 शब्दों में तेयार कीजिए।

1. **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 80 शब्दों में एक ई-मेल लिखिए।** **[5]**

क. आप राजन/रजनी हैं। अपने बैंक खाते में नेट बेंकिंग की सुविधा प्राप्त करने के लिए संबंधित शाखा प्रबंधक को लगभग 80 शब्दों में एक ई-मेल लिखिए।

1. **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 100-120 शब्दों में एक लघुकथा लिखिए।** **[5]**

क. **संगति का फल** शीर्षक विषय पर लगभग 100 शब्दों में एक लघुकथा लिखिए।

----- -----

TIME : 3 HOURS

TOTAL : 80 MARKS

# ABBHYASH ACADEMY

## HINDI

निर्धारित समय– 3 घंटे पूर्णांक – 80

सामान्य निर्देश–

1. इस प्रश्नपत्र में दो खंड हैं– खंड 'अ' और 'ब'।
2. खंड 'अ' में उपप्रश्नों सहित 45 वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए कुल 40 प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
3. खंड 'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
4. निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए।
5. दोनों खंड़ों के कुल 18 प्रश्न हैं। दोनों खंड़ों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
6. यथासंभव दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

---

### खंड – अ (वस्तुपरक प्रश्न)

1. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए–** $(1 \times 5 = 5)$

नम्रता स्वतंत्रता की जननी मानी जाती है। सामान्यतः भ्रमवश लोग अहंकार को उसकी जननी मानते हैं। वास्तव में वह विमाता है। मर्यादापूर्वक जीवन व्यतीत करने के लिए आत्मनिर्भरता आवश्यक है। आत्ममर्यादा हेतु आवश्यक है कि हम बड़ों से सम्मानपूर्वक तथा छोटों और बराबर वालों के साथ कोमलता का व्यवहार करें। युवाओं को याद रखना चाहिए कि उनका ज्ञान कम है। वे अपने लक्ष्य से पीछे हैं तथा उनकी आकांक्षाएँ उनकी योग्यता से अधिक हैं। सभी लोग युवाओं से कुशल आचरण और विनम्रता की उम्मीद करते हैं। नम्रता का अर्थ दूसरों का मुँह ताकना नहीं है। इससे तो प्रज्ञा मंद पड़ जाती है, संकल्प क्षीण होता है, विकास रुक जाता है तथा निर्णय क्षमता नहीं आती। मनुष्य को अपना भाग्यविधाता स्वयं होना चाहिए। हमेशा याद रखो, अपने फैसले तुम्हें स्वयं ही करने होंगे। विश्वासपात्र मित्र भी तुम्हारी जिम्मेदारी नहीं ले सकता। हमें अनुभवी लोगों के अनुभवों से लाभ उठाना चाहिए, लेकिन हमारे निर्णयों तथा विचारों से ही हमारी रक्षा व हमारा पतन होगा। हमें नजरें तो नीचे रखनी हैं, लेकिन सामने का रास्ता भी देखना है। हमारा व्यवहार कोमल तथा लक्ष्य उच्च होना चाहिए। हमारी प्रवृत्ति ऐसी होनी चाहिए कि संक्रमणकाल में भी हम स्वयं को साधारण रख पाएँ। वही मनुष्य कर्मक्षेत्र में श्रेष्ठ और उत्तम रहते हैं, जिनमें बुद्धि, चतुराई तथा दृढ़ निश्चय होता है।

(1) 'अपना भाग्य विधाता होना' से क्या तात्पर्य है?

(क) स्वयं को विधाता मानना

(ख) स्वयं अपना निर्णय लेना

(ग) संकल्पवान होना

(घ) भाग्य पर विश्वास करना

(2) मनुष्य को अपना भाग्यविधाता स्वयं क्यों होना चाहिए?
(क) क्योंकि दूसरों के भरोसे रहकर मनुष्य का संकल्प क्षीण होता है
(ख) क्योंकि इससे निर्णय क्षमता का अभाव होता है
(ग) क्योंकि इससे विकास रुक जाता है
(घ) उपर्युक्त सभी

(3) गद्यांश में मूलतः स्वतंत्रता की जननी किसे माना गया है?
(क) आत्मनिर्भरता को (ख) मर्यादा को
(ग) नम्रता को (घ) आकांक्षा को

(4) प्रस्तुत गद्यांश हमें क्या संदेश देता है?
(क) हमें अपने आचरण को विशिष्ट बनाने की आवश्यकता है
(ख) मनुष्य को आत्मनिर्भर बनना चाहिए
(ग) वही मनुष्य कर्मक्षेत्र में श्रेष्ठ और उत्तम रहते हैं, जिनमें बृद्धि, चतुराई तथा दृढ़ निश्चय होता है।
(घ) स्वतंत्रता और अहंकार एक–दूसरे के पूरक हैं

(5) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकलपों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए
**कथन** (A) : विनम्रता के बिना स्वतंत्रता का कोई अर्थ नहीं होता।
**कारण** (R) : मनुष्य में स्वतंत्रता का भाव आते ही अहंकार आ जाता है।
(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं
(ख) कथन (A) गलत है, लेकिन कारण (R) सही है
(ग) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है
(घ) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या करता है

2. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए–** $(1 \times 5 = 5)$

राष्ट्रगान, राष्ट्रध्वज और राष्ट्रभाषा किसी भी स्वतंत्र देश के लिए आवश्यक होते हैं। इन्हीं के माध्यम से कोई राष्ट्र विश्व के अन्य राष्ट्रों के मध्य अपनी विशिष्ट पहचान बनाता है। राष्ट्रभाषा पूरे राष्ट्र को एकता के सूत्र में पिरोने का कार्य करती है। इसी के माध्यम से जनता अपने कष्टों को शासन तक पहुँचाती है और शासन भी अपनी जनकल्याणकारी योजनाओं को जनसामान्य तक पहुँचाता है। इस प्रकार राष्ट्रभाषा शासन और जनता के बीच सेतु का कार्य करती है। किसी राष्ट्र में अनेक भाषाएँ बोली व समझी जाती हैं। उनमें सर्वाधिक लोगों द्वारा व्यवहार में लाई जाने वाली भाषा को ही राष्ट्रभाषा बनाया जाता है। इसी आधार पर हिंदी को राष्ट्रभाषा के रूप में मान्यता दी गई। देश के स्वतंत्र होने पर जब राष्ट्रभाषा का प्रश्न उपस्थित हुआ, तो अंग्रेजी जानने वालों ने जी–जान से प्रयास किया कि अंग्रेजों के समय से चली आ रही अंग्रेजी को भारत की राष्ट्रभाषा के रूप में कायम रखा जाए, किंतु संविधान निर्माताओं ने सर्वसम्मति से हिंदी को राजभाषा घोषित किया। इनमें संघ का यह कर्तव्य रहा कि वह हिंदी भाषा का प्रसार बढ़ाएँ, उसका विकास करें, जिससे वह भारत की संस्कृति के सभी तत्त्वों की अभिव्यक्ति का माध्यम बन सके ओर उसकी प्रकृति में हस्तक्षेप किए बिना हिंदुस्थायी में और आठवीं अनुसूची में विनिर्दिष्ट भारत की अन्य भाषाओं में प्रयुक्त रूप, शैली और पदों को आत्मसात् कर अन्य भाषाओं के शब्द ग्रहण करते हुए उसकी समृद्धि सुनिश्चित करे।

(1) निम्नलिखित में से कौन–सा शब्द गद्यांश में दिए गए 'आत्मसात्' शब्द के सही अर्थ को दर्शाता है?

(क) व्यतिक्रम | (ख) आत्मीकरण
(ग) अंतरित | (घ) आमोदित

(2) निम्नलिखित में से किस कथन को गद्यांश की सीख के आधार पर कहा जा सकता है?

(क) मेहनत से कल्पना साकार होती है
(ख) राष्ट्रभाषा राष्ट्र की पहचान होती है
(ग) आवश्यकता आविष्कार की जननी है
(घ) राष्ट्रगान का प्रसार नितांत आवश्यक है

(3) निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए

(1) राष्ट्रभाषा शासन और जनता के बीच सेतु का कार्य करती है
(2) राष्ट्र के भावी नागरिकों के बालपन की स्वाभाविकता बनी रहना परम आवश्यक है
(3) सर्वाधिक लोगों द्वारा व्यवहार में लाई जाने वाली भाषा को राष्ट्रभाषा बनाया जाता है

उपर्युक्त कथनों में से कौन–सा/से सही है/हैं?

(क) केवल 1 | (ख) 1 और 2
(ग) 1 और 3 | (घ) 2 और 3

(4) राष्ट्रभाषा के रूप में किस भाषा को मान्यता दी जाती है?

(क) राष्ट्र के अल्पसंख्यक लोगों द्वारा व्यवहार में लाई जाने वाली
(ख) राष्ट्र के सर्वाधिक लोगों द्वारा व्यवहार में लाई जाने वाली
(ग) राष्ट्र के निम्न वर्ग द्वारा व्यवहार में लाई जाने वाली
(घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं

(5) संविधान निर्माताओं ने सर्व सम्मति से किसे राजभाषा घोषित किया?

(क) अंग्रेजी को | (ख) हिंदी को
(ग) (क) और (ख) दोनों | (घ) इनमें से कोई नहीं

**3. निर्देशानुसार 'पदबंध' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** $(1 \times 4 = 4)$

(1) 'अब यहाँ समंदर के किनारे लंबी–चौड़ी बस्ती बन गई है।' रेखांकित पदबंध का भेद है

(क) संज्ञा पदबंध | (ख) सर्वनाम पदबंध
(ग) विशेषण पदबंध | (घ) क्रिया–विशेषण पदबंध

(2) 'लकीर की सीध में धरती फटती ही जा रही थी।' रेखांकित पदबंध का भेद है

(क) संज्ञा पदबंध | (ख) सर्वनाम पदबंध
(ग) विशेषण पदबंध | (घ) क्रिया पदबंध

(3) 'एक बार बिल्ली ने उचककर दो में से एक अंडा तोड़ दिया।' रेखांकित पदबंध का भेद है

(क) संज्ञा पदबंध | (ख) सर्वनाम पदबंध
(ग) विशेषण पदबंध | (घ) क्रिया–विशेषण पदबंध

(4) सर्वनाम पदबंध का उदाहरण छाँटिए

(क) व्यर्थ में किसी बात को ठूँस दिया जाए

(ख) भाई साहब का रौद्र रूप देखकर प्राण सूख जाते

(ग) वह इसलिए कि आप सारी उम्र रोते रहे

(घ) दोनों कबूतर रातभर खामोश और उदास बैठे रहते हैं

(5) 'खेलकूद का कोई अवसर हाथ से न जाने देता।' इस वाक्य में संज्ञा पदबंध है

(क) खेलकूद का कोई अवसर (ख) हाथ से

(ग) न जाने देता (घ) खेलकूद का कोई

**4. निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** $(1 \times 4 = 4)$

(1) 'वे जंगल में प्रवेश कर गए और अँधेरा बढ़ने लगा।' इस वाक्य का सरल वाक्य होगा

(क) जैसे ही उन्होंने जंगल में प्रवेश किया वैसे ही अँधेरा बढ़ने लगा

(ख) उनके जंगल में प्रवेश करते ही अँधेरा बढ़ने लगा

(ग) जब वे जंगल में प्रवेश कर गए तब अँधेरा बढ़ने लगा

(घ) उन्होंने जंगल में प्रवेश किया और अँधेरा हो गया

(2) 'भाई साहब फेल हो गए, मैं पास हो गया और दरजे में प्रथम आया।' रचना के आधार पर वाक्य भेद है

(क) सरल वाक्य (ख) संयुक्त वाक्य

(ग) मिश्र वाक्य (घ) विधानवाचक वाक्य

(3) 'वह लगातार समुद्र की सतह की तरफ फिसल रहा था।' रचना के आधार पर वाक्य भेद है

(क) सरल वाक्य (ख) संयुक्त वाक्य

(ग) मिश्र वाक्य (घ) आज्ञार्थक वाक्य

(4) 'बगल के कमरे में जाकर कुछ बर्तन लाकर तौलिए से साफ किए।' इस वाक्य का मिश्र वाक्य होगा

(क) बगल के कमरे में जाकर कुछ बर्तन लाया और तौलिए से उन्हें साफ किया

(ख) बगल के कमरे में जाकर कुछ बर्तन तौलिए से साफ किए

(ग) जब बगल के कमरे में जाकर कुछ बर्तन लाया तब तौलिए से बर्तन साफ किए

(घ) जैसे ही बगल के कमरे में गया वैसे ही कुछ बर्तन तौलिए से साफ किए

(5) निम्नलिखित वाक्यों मे से संयुक्त वाक्य है

(क) ग्वालियर में हमारा एक मकान था और उस मकान के दालान में दो रोशनदान थे

(ख) बारूदों की विनाशलीलाओं ने वातावरण को सताना शुरू कर दिया

(ग) जब पास होने पर यह तिरस्कार हो रहा है, तो फेल हो जाने पर तो शायद प्राण ही ले लिए जाएँ

(घ) पारंपरिक पोशाक के साथ वह अपनी कमर में सदैव एक लकड़ी की तलवार बाँधे रहता

5. **निर्देशानुसार 'समास' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए– $(1 \times 4 = 4)$**

(1) 'निशाचर' शब्द में कौन–सा समास है?

(क) बहुव्रीहि समास (ख) द्वंद्व समास

(ग) कर्मधारय समास (घ) अव्ययीभाव समास

(2) 'जलधारा' शब्द के सही समास–विग्रह और समास का चयन कीजिए

(क) जल में धारा – तत्पुरुष समास

(ख) जल की धारा – तत्पुरुष समास

(ग) धारा है जो जल में – कर्मधारय समास

(घ) जल और धारा – द्वंद्व समास

(3) 'चरणकमल' समस्त पद का विग्रह होगा

(क) कमलयुक्त चरण (ख) चरण में कमल है जिसके

(ग) कमल के समान चरण (घ) चरण और कमल

(4) 'नवरत्न' शब्द के सही समास विग्रह और समास का चयन कीजिए

(क) नौ रत्नों को धारण करने वाला है जो – बहुव्रीहि समास

(ख) नौ रत्न है जिसके पास – बहुव्रीहि समास

(ग) नौ रत्नों का समूह – द्विगु समास

(घ) नया है जो रत्न – कर्मधारय समास

(5) निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए

| | **समस्तपद** | | **समास** |
|---|---|---|---|
| (i) | गुणहीन | (i) | कर्मधारय समास |
| (ii) | वीणापाणि | (ii) | बहुव्रीहि समास |
| (iii) | यथासमय | (iii) | अवययीभाव समास |
| (iv) | सतमंजिल | (iv) | द्वंद्व समास |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन–से सही सुमेलित हैं?

(क) (i) और (ii) (ख) (ii) और (iii)

(ग) (i) और (iv) (घ) (iii) और (iv)

6. **निर्देशानुसार 'मुहावरे' पर आधारित छह बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए– $(1 \times 4 = 4)$**

(1) आजकल पाखंडी बाबा लोगों का काम सीधे–सादे लोगों को ................ है। रिक्त स्थान की पूर्ति सटीक मुहावरे से कीजिए

(क) चित्त पर चढ़ाना (ख) घड़ों पानी भराना

(ग) चंगुल में फँसाना (घ) गाल फुलाना

(2) भारत की सेना पाकिस्तानी सेना पर .................... और उसका विनाश कर दिया। उपयुक्त मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए

(क) टूट पड़ी (ख) फूट पड़ी

(ग) लूट पड़ी (घ) हार पड़ी

(3) मुहावरे और अर्थ के उचित मेल वाले विकल्प का चयन कीजिए

(क) तीन तेरह होना – बोलते रहना

(ख) दंग रह जाना – संदेह होना

(ग) पाँव तले जमीन खिसकना – घबरा जाना

(घ) अंगूठा दिखाना – कुछ समझ में न आना

(4) 'स्वार्थ सिद्ध करना' अर्थ के लिए सही मुहावरा है

(क) अपने मुँह मियाँ मिट्ठु बनना

(ख) अपना उल्लू सीधा करना

(ग) खिचड़ी पकाना

(घ) गागर में सागर भरना

(5) 'आमदनी से अधिक खर्च करना' अर्थ के लिए उपयुक्त मुहावरा है

(क) जोड़–तोड़ करना (ख) तिल का ताड़ बनाना

(ग) दिन–रात एक करना (घ) चादर से बाहर पाँव पसारना

(6) रेखांकित अंश के लिए कौन–सा मुहावरा प्रयुक्त करना उचित रहेगा?

जगन्नाथ तो <u>सिद्धांतहीन व्यक्ति</u> है, उसे जिसकी तरफ से पैसे मिलेंगे वह उसके पक्ष में ही गवाही देगा।

(क) चिकना घड़ा (ख) थाली का बैंगन

(ग) कुत्ते की दुम (घ) तेल का बैल

**7. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए–** $(1 \times 5 = 5)$

चलो अभीष्ट मार्ग में सहर्ष खेलते हुए
विपत्ति, विघ्न जो पड़ें, उन्हें ढकेलते हुए।
घटे न हेलमेल हाँ, बढ़े न भिन्नता कभी,
अतर्क एक पंथ के सतर्क पंथ हों सभी।
तभी समर्थ भाव है कि तारता हुआ तरे,
वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे।।

(1) प्रस्तुत पद्यांश में कवि ने क्या प्रेरणा दी है?

(क) संघर्षों से मुख मोड़ने की

(ख) संघर्षपूर्ण जीवन व्यतीत न करने की

(ग) लक्ष्य पथ की ओर आगे बढ़ते रहने की

(घ) भेदभाव सहन करने की

(2) जीवन में विपत्ति या विघ्न आने पर क्या करना चाहिए?

(क) ईश्वर का स्मरण करना चाहिए

(ख) सहर्ष खेलना चाहिए

(ग) बाधा को दूर करना चाहिए

(घ) डटकर मुकाबला करना चाहिए

(3) 'सतर्क पंथ' से कवि का क्या आशय है?

(क) सावधानीपूर्वक आगे बढ़ना

(ख) अच्छा तर्क प्रस्तुत करना

(ग) एक साथ तर्क देना

(घ) बिना तर्क किए रहना

(4) 'तभी समर्थ भाव है कि तारता हुआ तरे' से क्या तात्पर्य है?

(क) ईश्वर पर विश्वास रखते हुए आगे बढ़ना चाहिए

(ख) सोच–समझकर आगे बढ़ना चाहिए

(ग) चिंता मुक्त होकर आगे बढ़ना चाहिए

(घ) दूसरों का कल्याण करते हुए आगे बढ़ना चाहिए

(5) निम्नलिखित वाक्यों को ध्यानपूर्वक पढ़िए

(1) अपने हित को सर्वोपरि रखना चाहिए

(2) विघ्न–बाधाओं से घबराना नहीं चाहिए

(3) सचेत होकर आगे बढ़ना चाहिए

(4) द्वेष भाव बढ़ना नहीं चाहिए

(5) मनुष्य को संकुचित दृष्टिकोण रखना चाहिए

पद्यांश से मेल खाते वाक्यों के लिए उचित विकल्प चुनिए

(क) 1, 2 और 3 (ख) 1, 3 और 5

(ग) 2, 3 और 4 (घ) 2, 4 और 5

8. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए–** $(1 \times 2 = 2)$

(1) 'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता में धरती पर अंबर टूट पड़ा सा क्यों जान पड़ता है?

(क) पर्वतों के उड़ जाने के कारण

(ख) बादलों के बरसने के कारण

(ग) आकाश के गिर जाने के कारण

(घ) तालाब में दिखाई देने के कारण

(2) 'चाकर रहस्यूँ, बाग लगास्यूँ नित उठ दरसण पास्यूँ।' का आशय है

(क) आपकी दासी बनकर मैं रोज आपके दर्शन पाऊँगी

(ख) आपकी भक्ति पाकर मैं बाग लगाऊँगी और आपके दर्शन करूँगी

(ग) आपके पास रहकर मैं आपकी सेवा करूँगी और आपके दर्शन पाऊँगी

(घ) आपकी दासी बनकर, बाग लगाऊँगी और रोज आपके दर्शन करूँगी

9. **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए–** $(1 \times 5 = 5)$

मैं तुमसे पाँच साल बड़ा हूँ और हमेशा रहूँगा। मुझे दुनिया का और जिंदगी का जो तजुरबा है, तुम उसकी बराबरी नहीं कर सकते, चाहे तुम एम. ए. और डी. फिल् और डी. लिट् ही क्यों न हो जाओ। समझ किताबें पढ़ने से नहीं आती, दुनिया देखने से आती है। हमारी अम्मा ने कोई दरजा नहीं पास किया और दादा भी शायद पाँचवीं–छठी जमात के आगे नहीं गए, लेकिन हम दोनों चाहें सारी दुनिया की विद्या पढ़ लें, अम्मा और दादा को हमें समझाने और सुधारने का अधिकार हमेशा रहेगा। केवल इसलिए नहीं कि वे हमारे जन्मदाता हैं, बल्कि इसलिए कि उन्हें दुनिया का हमसे ज्यादा तजुरबा है और रहेगा। अमेरिका में किस तरह की राज–व्यवस्था है और आठवें हेनरी ने कितने ब्याह किए और आकाश में कितने नक्षत्र हैं, यह बातें चाहे उन्हें न मालूम हों, लेकिन हजारों ऐसी बातें हैं, जिनका ज्ञान उन्हें हमसे और तुमसे ज्यादा है।

(1) बड़े भाई साहब ने छोटे भाई पर रोब जमाने के लिए किस बात की दुहाई दी?
(क) अपनी पढ़ाई की
(ख) अपने अनुभवों व आयु की
(ग) चित्र बनाने की कला की
(घ) इनमें से कोई नहीं

(2) ''मैं तुमसे पाँच साल बड़ा हूँ और हमेशा रहूँगा। मुझे दुनिया का और जिंदगी का जो तजुरबा है, तुम उसकी बराबरी नहीं कर सकते ...'' कथन के माध्यम से ज्ञात होता है कि
(क) छोटा भाई अपने भाई साहब का आदर करता है
(ख) भाई साहब को जिंदगी का अच्छा अनुभव है
(ग) भाई साहब के भीतर भी एक छोटा बच्चा है
(घ) भाई साहब छोटे भाई का भला चाहते हैं

(3) बड़े भाई के अनुसार, दुनिया की समझ किससे आती है?
(क) किताबें पढ़ने से (ख) उच्च शिक्षा प्राप्त करने से
(ग) अनुभव से (घ) इनमें से कोई नहीं

(4) ''हमारी अम्मा ने कोई दरजा पास नहीं किया और दादा भी शायद पाँचवीं–छठी जमात के आगे नहीं गए, लेकिन हम दोनों चाहे सारी दुनिया की विद्या पढ़ ले, अम्मा और दादा को हमें समझाने और सुधारने का अधिकार हमेशा रहेगा।'' यह कथन दर्शाता है, अपने अम्मा–दादा के प्रति भाई साहब का
(क) अभिमान (ख) अपनत्व
(ग) प्रेम (घ) आदर

(5) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकलपों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए
**कथन** (A) : किताबी ज्ञान के साथ–साथ जिंदगी के अनुभव भी महत्त्वपूर्ण होते हैं।
**कारण** (R) : जीवन की समझ ज्ञान के साथ–साथ अनुभव और व्यावहारिकता से आती है।
(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं
(ख) कथन (A) गलत है, लेकिन कारण (R) सही है
(ग) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है
(घ) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या करता है

**10. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए–** $(1 \times 2 = 2)$

(1) निम्नलिखित में से कौन–से वाक्य 'तताँरा–वामीरो कथा' पाठ से प्राप्त प्रेरणा को दर्शाते हैं?
   (1) रूढ़ियाँ जब बंधन लगने लगे तब उनका टूट जाना ही अच्छा है
   (2) प्रेम को बाँटने वाली भावना विनाश का कारण बन सकती है
   (3) मनुष्य को भविष्य की चिंता छोड़कर वर्तमान में जीना चाहिए
   (4) कथनी और करनी का अंतर हमारी स्थिति को हास्यास्पद बना सकता है
   (क) केवल 1
   (ख) 1 और 2
   (ग) 1, 2 और 3
   (घ) 2, 3 और 4

(2) राजकपूर ने 'मेरा नाम जोकर' के निर्माण के समय किस बात की कल्पना भी नहीं की थी?
   (क) इसमें अभिनेताओं को बदलना होगा
   (ख) इसे पूरा होने में छः वर्ष का वक्त लगेगा
   (ग) इसमें काफी कंप्यूटर तकनीक का प्रयोग करना होगा
   (घ) यह 'शोले' फिल्म से भी ज्यादा सफल होगी

## खंड – ब (वर्णनात्मक प्रश्न)

**11. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए–** $(3 \times 2 = 6)$

(1) "जो जितना बड़ा होता है, उसे उतना ही कम गुस्सा आता है।" 'अब कहाँ दूसरे के दुःख से दुःखी होने वाले' पाठ के आधार पर इसका आशय स्पष्ट कीजिए।

(2) 'सत्य केवल वर्तमान है, उसी में जीना चाहिए।' आपके द्वारा इस पाठ्यक्रम में पढ़े गए पाठ में लेखक ने ऐसा क्यों कहा होगा? अपने विचार व्यक्त कीजिए।

(3) 'कारतूस' पाठ में वजीर अली ने अंग्रेजों के अत्याचारों का साहसपूर्वक सामना किया। इस पाठ से प्राप्त सीख का वर्णन कीजिए।

**12. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए–** $(3 \times 2 = 6)$

(1) आपके पाठयक्रम में किस कविता में बताया गया है कि सैनिकों के लड़ने के लिए परिस्थितियाँ प्रतिकूल थीं और कैसे? अपने शब्दों में वर्णन कीजिए।

(2) 'तोप' कविता के आधार पर तोप की विशेषताओं को उजागर करते हुए इससे मिलने वाली सीख का उल्लेख कीजिए।

(3) आपके द्वारा इस पाठ्यक्रम में पढ़ी गई कविता के आधार पर बताइए कि अपनी इच्छाओं की पूर्ति के लिए आप प्रार्थना के अतिरिक्त क्या–क्या प्रयास करते हैं?

**13. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए–** $(3 \times 2 = 6)$

(1) विभाजन के इतने दुःखद परिणामों के बाद भी आज भौगोलिक और धार्मिक विवाद बढ़ते जा रहे हैं, इन्हें रोकने के लिए युवा शक्ति की क्या भूमिका होनी चाहिए? 'टोपी शुक्ला' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(2) ''हरिहर काका संयुक्त परिवार के मूल्यों के प्रति एक समर्पित व प्रेरक मानव थे।'' 'हरिहर काका' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(3) नई श्रेणी में जाने और नई कॉपियों और पुरानी किताबों से आती विशेष गंध से लेखक का बालमन क्यों उदास हो उठता था? 'सपनों के–से दिन' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।

**14. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर संकेत–बिंदुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए–** $(5 \times 1 = 5)$

(1) **मेट्रो रेल**
- भूमिका
- लोकप्रियता
- लाभ एवं सुविधाएँ
- परिवहन का सफल साधन

(2) **पुस्तकालय का महत्त्व**
- पुस्तकालय का अर्थ व महत्त्व
- पुस्तकालय का वर्णन
- पुस्तकालय के नियमों का पालन
- पुस्तकालयों का अधिकाधिक प्रयोग

(3) **भारतीय किसान**
- किसान का जीवन
- किसान की दशा
- दशा–सुधार के प्रयत्न
- शिक्षा व ज्ञान का प्रसार

**15. (1) बिजली के खराब मीटर की शिकायत करते हुए बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता को लगभग 100 शब्दों में शिकायती पत्र लिखिए।** $(5 \times 1 = 5)$

**अथवा**

**(2) बीमारी के कारण नवीं कक्षा की परीक्षा देने में असमर्थ छात्र की ओर से प्रधानाचार्य को लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए।**

**16. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर पर लगभग 80 शब्दों में सूचना लिखिए–** **$(4 \times 1 = 4)$**

(1) नाटक प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए विद्यालय के सभी सदनों के इच्छुक छात्रों को आमंत्रित करते हुए छात्र सचिव की ओर से लगभग 80 शब्दों में एक सूचना लिखिए।

**अथवा**

(2) गुमशुदा बच्चे की तलाश के लिए सूचना लगभग 80 शब्दों में लिखिए।

**17. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 60 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए–** **$(3 \times 1 = 3)$**

(1) किसी विद्यालय की उपलब्धियों का एक आकर्षक विज्ञापन लगभग 60 शब्दों में प्रस्तुत कीजिए।

**अथवा**

(2) किसी हर्बल क्रीम के बारे में एक आकर्षक विज्ञापन लगभग 60 शब्दों में प्रस्तुत कीजिए।

**18. (1) 'बृद्धि' विषय पर लघु कथा लगभग 100 शब्दों में लिखिए।** **$(5 \times 1 = 5)$**

**अथवा**

**(2) आपका टेलीफोन एक सप्ताह से खराब पड़ा है। इससे संबंधित शिकायत करने हेतु भारत संचार निगम लिमिटेड को लगभग 100 शब्दों में एक ई–मेल लिखिए।**